C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:46 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 5:44 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 61 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 21 अगस्त 2025

बेटे आर्यन की सीरीज लॉन्च इवेंट...पेज-3 पर

News कॉर्नर

## बाइक अनियंत्रित होकर रपटी, युवक गंभीर

**नैनीताल** । जिले के भीमताल से नैनीताल आ रहे युवक की बाइक बुधवार को नैनीताल-भवाली मोटर मार्ग में पाइंस के समीप अनियंत्रित होकर रपट गई। हादसे में युवक गंभीर रुप से चोटिल हो गया। राहगीर चोटिल को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंचे, जहां युवक को उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक मल्लीताल निवासी अभिषेक बुधवार को भीमताल से बाइक से नैनीताल आ रहा था। पाइंस के समीप अचानक उसकी बाइक अनियंत्रित होकर रपट गई। जिससे वह बाइक समेत छिटक कर दूर जा गिरा। हादसा होता देख राहगीर मदद को पहुंचे। राजस्थान के पर्यटकों के वाहन में युवक को बीडी पांडे अस्पताल लाया गया। मामले में जिला अस्पताल के पीएमएस डा. टी.के. टमटा ने बताया कि मरीज को फिलहाल बेहतर उपचार दिया जा रहा है।

## अधिवक्ता शिवांशु बार एसोसिएशन नैनीताल का प्रेस सचिव मनोनीत



**नैनीताल** । जिला बार एसोसिएशन नैनीताल ने युवा अधिवक्ता शिवांशु जोशी को बार एसोसिएशन नैनीताल का प्रेस सचिव मनोनीत किया है।
इस संबंध में एसोसिएशन के सचिव दीपक रूवाली के हस्ताक्षर से एक आधिकारिक पत्र जारी किया गया जिसमें अध्यक्ष भगवत प्रसाद की सहमति से नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू मानी गयी। एसोसिएशन ने अधिवक्ता शिवांशु जोशी को यह जिममेदारी उल्लेखनीय कार्यों और योगदान को देखते हुए सौंपी है। एसोसिएशन ने विश्वास जताया है कि शिवांशु जोशी अपने दायित्वों का पूर्ण निष्ठा व समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे उनकी नियुक्ति पर एसोसिएशन के अध्यक्ष भगवत प्रसाद, सचिव दीपक रूवाली, उपाध्यक्ष शंकर चौहान, उप सचिव दीपक दत्त पांडेय, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रीति साह, तारा आर्या, शशांक कुमार, गौरव कुमार आदि ने शुभकामनाएं दी।

# उपनल कर्मियों ने दी सुशीला तिवारी अस्पताल के मुख्य गेट पर तालाबंदी चेतावनी

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं के प्रवेश द्वार का चिमित्सालय डॉ सुशीला तिवारी और राजकीय मेडिकल कॉलेज अपनी बेनूरी पर आंसू बहा रहा है जिसमें कार्यरत 659 उपनल कर्मचारियों के सामने बहुत बड़ा आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। आपको बता दे कि कर्मियों को छह माह से वेतन नहीं मिला है, जिस कारण कर्मियों में काफी आक्रोश है। लगभग 15 दिनों से वेतन दिए जाने की मांग को लेकर कर्मियों का कार्य वहिष्कार जारी है, जिससे अस्पताल की व्यवस्था भी चरमराई हुई है, बावजूद इसके अभी तक अस्पताल प्रबंधन द्वारा कोई रास्ता नहीं निकाला गया है। उपनल कर्मियों ने भीख मांग कर अपना विरोध व्यक्त किया। कर्मी प्राचार्य कार्यालय के बाहर धरने पर बैठ गए और जमकर नारेबाजी की। इस दौरान राजकीय मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर अरुण जोशी ने कर्मियों को आश्वासन देने की कोशिश की, लेकिन कर्मचारी अपनी मांगों पर अड़े रहे। कर्मियों ने बताया कि छह माह से वेतन न मिलने से उनके बच्चों के स्कूल की फीस नहीं जा पा रही है,जिससे बच्चों के घर बैठने का खतरा उत्पन्न हो गया है। जो कर्मी किराए के मकान में रह रहे हैं उन्हें मकान मालिक द्वारा कमरा खाली करने को कहा जा रहा है। कहा उनके सामने भूखे मरने की नौबत आ गई है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि उन्होंने अपनी मांगों को लेकर कॉलेज प्रशासन के साथ-साथ मुख्यमंत्री और शासन स्तर पर भी गुहार लगाई, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही है।

ऐसे में अब सुशीला तिवारी अस्पताल के मुख्य गेट पर तालाबंदी करने के अलावा उनके पास कोई चारा नहीं बचा है। उपनल कर्मचारी का कहना है कि वो पिछले 20 से 25 साल से सुशीला तिवारी अस्पताल और राजकीय मेडिकल कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, यही नहीं कोविड काल के दौरान उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर दिन-रात मरीजों की सेवा की, लेकिन आज सरकार ने उनके पद सृजित नहीं होने का हवाला देखकर वेतन को रोक दिया है। सुशीला तिवारी अस्पताल के प्राचार्य डॉ अरुण जोशी ने बताया कि कर्मचारियों की मांगों को लेकर शासन स्तर पर वार्ता चल रही है. जल्द समाधान निकालने की उम्मीद जताई जा रही है। इसके उपरांत शाम 7 बजे कर्मचारियों ने सुशीला तिवारी अस्पताल से कैंडल मार्च निकाला, जिसका समापन कालाढूंगी चौराहे पर हुआ। इस दौरान शंभू दत्त बुधानी, नीरज हे, प्रताप बोरा,मोहन रावत, राजेंद्र सिंह बिष्ट, नीलम बिष्ट, दीपा शर्मा,कविता मनराल, उमा डांगी सहित सैकड़ों कर्मी मौजूद रहे।

कल 55 से ज्यादा स्कूलों को मिली थी धमकी

# दिल्ली के छह स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, मचा हड़कंप

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। अलग-अलग जगहों पर करीब छह स्कूलों को बम की धमकी मिली है। एहतियात के तौर पर स्कूल परिसर को खाली करा दिया गया है। दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर मौजूद हैं।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने का सिलसिला थम नहीं रहा है। गुरुवार को दिल्ली के स्कूलों को एक बार फिर उड़ाने की धमकी मिली है। बताया जा रहा है कि दिल्ली के द्वारका सेक्टर-5 और प्रसाद नगर समेत छह स्कूलों को ईमेल भेजकर बम की धमकी मिली दी गई है। सूचना मिलते ही दिल्ली पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचे हैं। एहतियात के तौर पर स्कूल परिसर को खाली करा दिया गया है। बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। दिल्ली अग्निशमन विभाग के मुताबिक, अलग-अलग जगहों पर स्कूल में बम की धमकी की जानकारी मिली है।



इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस और फायर की टीम मौके पर मौजूद हैं। पुलिस और अन्य आपातकालीन एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू कर दिया है। प्रसाद नगर स्थित आंध्र एजुकेशन सोसाइटी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका सेक्टर 5 स्थित बीजीएस इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल, छावला स्थित राव मान सिंह सीनियर सेकेंडरी स्कूल, द्वारका सेक्टर 1 स्थित मैक्सफोर्ट स्कूल और द्वारका सेक्टर 10 स्थित इंद्रप्रस्थ इंटरनेशनल स्कूल सहित छह स्कूलों को आज बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले बुधवार को दिल्ली के 55 से ज्यादा स्कूलों को बुधवार को ईमेल के जरिए बम की धमकी मिली थी। इनमें द्वारका स्थित राहुल मॉडल स्कूल और मैक्सफोर्ट स्कूल, मालवीय नगर स्थित एसकेवी और प्रसाद नगर स्थित आंध्रा स्कूल शामिल हैं। पुलिस और अन्य एजेंसियों ने तलाश अभियान शुरू किया। हालांकि, किसी भी स्कूल में तलाशी लेने के बाद कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। वहीं इससे पहले 18 अगस्त को दिल्ली के 32 स्कूलों को इसी तरह की धमकी मिली थी। इससे पहले दिल्ली के द्वारका के सेंट थॉमस स्कूल और दिल्ली विश्वविद्यालय के सेंट स्टीफन कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी।

# लोकप्रिय जनकवि गिर्दा की 15वीं पुण्यतिथि पर इस वर्ष दो दिन कार्यक्रम होंगे

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

देवभूमि उत्तराखंड के लोकप्रिय जनकवि, संस्कृतिकर्मी एवं आन्दोलनकारी गिरीश तिवाड़ी गिर्दा की 15वीं पुण्यतिथि पर इस वर्ष दो दिन कार्यक्रम होंगे। शुक्रवार 22 अग अगस्त को सीआरएसटी इण्टर कॉलेज के जगदीश साह प्रेक्षागृह में सायं 5.30 बजे होने वाले गिर्दा को सलाम कार्यक्रम में आज के दौर में गिर्दा की प्रासंगिकता पर वक्तव्य के बाद सीआरएसटी इण्टर कॉलेज के प्राइमरी विंग व सीनियर कक्षाओं के बच्चों एवं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गिर्दा के गीत व कोरस होंगे।

इस दौरान करन जोशी का केदारनाद तथा वरिष्ठ रंगकर्मी डी.के. शर्मा व बिणाईवादक भास्कर भौर्याल की प्रस्तुतियाँ होगी एवं रामलाल का कठपुतली प्रदर्शन होगा। युवा कवि हर्ष काफ र कविता पाठ करेंगे। युगमंच एवं नैनीताल समाचार द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रयोगांक के नाटक इंस्पेकटर मातादीन चाँद पर का मंचन भी होगा। रविवार 24 अगस्त को अपरान्ह दो बजे से इसी प्रेक्षागृह में युगमंच, नैनीताल समाचार तथा जन संस्कृति मंच द्वारा गिर्दा तथा साहित्य



अकादमी पुरस्कार प्राप्त प्रखयात कवि वीरेन डंगवाल की स्मृति में एक कवि सममेलन होगा।

गिर्दा-वीरेन दा की कविता में नैनीताल और सियाहीताल नामक इस आयोजन में दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रो. आशुतोष कुमार का मुखय व्याखयान होगा। तत्पश्चात् बल्ली सिंह चीमा, सिद्धेश्वर सिंह, कुमार मंगलम, अनिल कार्की, भास्कर भौर्याल, दीपक तिरुवा, ममता, भाष्कर उप्रेती, हेमन्त बिष्ट, दिनेश उपाध्याय, नीरज पांगती, दीपा पाठक, पृथ्वी लक्ष्मीराज सिंह, हर्ष काफ र, मदन चमोली, राजेन्द्र कैड़ा, स्वाति मेलकानी, मनोज आर्य, मोहन सिंह रावत, प्रदीप पाण्डे, राजीव कुमार, आलोक साह, भूपेश कुमार सिंह, भूपेन सिंह, दिनेश तिवारी और महेश बवाड़ी आदि कवि अपनी कविताओं का पाठ करेंगे।

# बर्ड फ्लू की दस्तक ने बढ़ाई चिंता अंडे और चिकन की खरीदारी कम

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

बर्ड फ्लू के डर के चलते दून में अब अंडो का कारोबार भी आधा रह गया है। लोग भी अंडे और चिकन की काफी कम खरीदारी कर रहे हैं। हालांकि इसका असर शहर में दामों पर नहीं पड़ा है। क्योंकि मांग में कमी के साथ ही प्रतिबंधों के कारण आवक में भी कमी आई है।

यूपी में बर्ड फ्लू की दस्तक ने लोगों की चिंता बढ़ा दी है। चूंकि दून में बाहरी राज्यों से ही अंडों और चिकन की आपूर्ति होती है इसलिए यहां अंडों के कारोबार पर असर हुआ है। लोगों ने अंडों और चिकन की खरीदारी कम कर दी है। जहां दून में हर दिन आठ से 10 हजार अंडों की ट्रे मंगाई जाती थी। वहीं बर्ड फ्लू के बाद अब इसकी आवक चार से पांच हजार की रह गई है। अंडों के व्यापारी संजय चौहान ने बताया कि दून में दिन में आठ से दस हजार अंडों की ट्रे की आवक थी जो अब आधी ही रह गई है। हालांकि आवक कम होने से अंडों के दामों पर असर नहीं पड़ा है। दून में भले ही अंडों की आवक कम हुई है, लेकिन इसके दाम पर असर नहीं पड़ा है। हालांकि ऑनलाइन अंडों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई है।

**असर**

- ऑनलाइन अंडों के दामों में बढ़ोत्तरी हुई

# दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली**

**एजेंसी**

दिल्ली में सीएम रेखा पर हमला करने वाले आरोपी को अदालत ने पुलिस रिमांड पर सौंप दिया है। वहीं, दिल्ली की सीएम को जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सुरक्षा दे दी गई है। सूत्रों के अनुसार, केंद्र सरकार ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को जेड श्रेणी की सीआरपीएफ सुरक्षा प्रदान कर दी है। इससे पहले, दिल्ली में बुधवार को साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी राजेश खिमजी को पांच दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया है। आरोपी राजेश को दिल्ली पुलिस ने देर रात दक्षिण-





पश्चिम दिल्ली के द्वारका स्थित एक मजिस्ट्रेट के घर पर पेश किया गया। सूत्रों ने बताया कि आरोपी को तीस हजारी अदालत परिसर में किसी भी मजिस्ट्रेट के सामने पेश नहीं किया गया। दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता के सरकारी आवास पर बुधवार सुबह साप्ताहिक जनसुनवाई के दौरान फरियादी बनकर आए एक युवक ने अचानक मुख्यमंत्री पर हमला कर दिया। आरोपी ने सीएम को कुछ पेपर दिए इसके बाद उसने चिल्लाना शुरू कर दिया। बाद में आरोपी ने सीएम का हाथ और बाल पकड़े और उनके साथ धक्का-मुक्की करने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि आरोपी ने सीएम को थप्पड़ भी मार दिया। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने थप्पड़ मारने की बात से इंकार किया है। आरोपी को मौके पर ही पकड़ लिया गया। वहां मौजूद लोगों ने उसकी पिटाई कर दी। मुख्यमंत्री की सुरक्षा में हुई चूक की खबर मिलते ही दिल्ली पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। संयुक्त पुलिस आयुक्त मधुर वर्मा और पुलिस उपायुक्त राजा बांठिया भागे-भागे सीएम आवाज पहुंचे। फौरन मुख्यमंत्री को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज हुआ। आरोपी को तुरंत ही पकड़कर सिविल लाइंस थाने लाया गया। उसकी पहचान राजकोट, गुजरात निवासी राजेश भाई खिमजी भाई सकरिया (41) के रूप में हुई है।

**रिमांड**

- आरोपी राजेश को पांच दिन की पुलिस रिमांड

# पर्यटन सुविधाओं के सुझावों को लेकर बैठक

नैनीताल
हमारे संवाददाता

विगत पर्यटन सीजन में पर्यटन सुविधाओं के संबंध में जिले के पर्यटन स्थलों में आवश्यक सुविधाओं व्यवस्थाओं आदि के संबंध में स्थानीय लोगों की प्रतिक्रिया/ फीडबैक/ विचार तथा आने वाले पर्यटक सीजन हेतु आवश्यक सुझावों को लेकर बुधवार को जिला कार्यालय सभागार नैनीताल में मुख्य विकास अधिकारी अनामिका की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पर्यटन से जुड़े विभिन्न संगठनों, होटल एसोसिएशन, व्यापार मंडल, शटल सेवाएं, टैकसी यूनियन, नाव एवं घोड़ा चालक संघ सहित पर्यटन से जुड़े विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



बैठक में गत पर्यटन सीजन में जिला मुखयालय समेत कैंची धाम व अन्य पर्यटन स्थलों में पर्यटन सुविधाओं एवं उनमें आवश्यक सुधार आदि के बारे में चर्चा करते हुए व प्रतिक्रिया लेते हुए सुझाव लिए गए। मुखय विकास अधिकारी ने कहा कि आने वाले पर्यटन सीजन में पर्यटकों को बेहतर सुविधा मुहैया करानी है ताकि आने वाला प्रत्येक पर्यटक एक बेहतर संदेश लेकर यहां से जाए। उन्होंने जिला पंचायत, पर्यटन विभाग, नगर पालिका, जिला विकास प्राधिकरण से आए अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन-जिन स्थानों में पार्किंग के टेंडर होने हैं शीघ्र ही टेंडर कर लिए जाएं साथ ही शटल सेवा के लिए भी टेंडर आदि प्रक्रिया समय से कर ली जाए। उन्होंने कहा कि सभी पार्किंग स्थलों में आवश्यक सुविधाएं, पेयजल, शौचालय, विद्युत व्यवस्था के साथ ही वहां किराया सूची डिस्प्ले की जाए और जो होटल व्यवसायी अपने होटल की सेवा एवं दर/रेट लिस्ट डिस्प्ले करना चाहते हैं वह भी इस सभी शटल एवं पार्किंग स्थलों में डिस्प्ले कराया जाए ताकि पर्यटकों को सुविधा मिले।

मुखय विकास अधिकारी अनामिका ने कहा कि पर्यटन सीजन से पूर्व सभी सड़क मार्गो से मलवा, मिट्टी के साथ ही भवन सामग्री जो डाली गई हैं उसे हटाया जाए। पुलिस, परिवहन विभाग यह भी सुनिश्चित करें कि सड़क किनारे वाहन पार्किंग न होने पाए ताकि जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। मुखय विकास अधिकारी ने कैंचीधाम में लोनिवि द्वारा निर्माणाधीन पार्किंग के कार्यो की भी जानकारी लेते हुए कार्यो को तेजी से करने के निर्देश दिए। उन्होंने घोड़ा स्टेंड में वाहन पार्किंग को सुव्यवस्थित करने के निर्देश उप जिलाधिकारी नैनीताल को दिए। बैठक में पर्यटन सुविधाओं के संबंध में विभिन्न सुझाव प्राप्त हुए जिन पर आवश्यक कार्रवाई हेतु विभागों को निर्देश दिए गए।

बैठक में सचिव विकास प्राधिकरण विजय नाथ शुक्ल, उप जिलाधिकारी नैनीताल नवाजिश खालिक, श्रीकैंची धाम मोनिका, पुलिस क्षेत्राधिकारी पी के साह, होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष सुदर्शन साह, विधायक प्रतिनिधि हरीश राणा सहित अन्य जन प्रतिनिधि व अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## NEWS / फटाफट

### श्री राम सेवक सभा में धार्मिक कार्यों के लिए सम्मानित किया



**नैनीताल।** श्री राम सेवक सभा में गुरुवार को एक सम्मानित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सभा के अध्यक्ष मनोज साह ने की। इस अवसर पर श्री हनुमानगढ़ मंदिर के प्रबंधक एमपी सिंह, कैंची धाम के सदस्य शैलेन्द्र साह तथा श्री हनुमानगढ़ के दीपक साह को उनके उल्लेखनीय धार्मिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप सभी को श्री नंदा-सुनंदा की तस्वीर एवं चुन्नी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान बिमल चौधरी, मुकेश जोशी, भुवन बिष्ट, दीपक साह, आनंद बिष्ट समेत अन्य लोग रहे।

### पहाड़ी स्टोर कटघरिया का स्थलीय निरीक्षण



**हल्द्वानी।** विकासखंड में आई एफएडी दिल्ली की टीम द्वारा विकासखंड में एसएचजी ग्रुप की महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया जिसमें एक आउटलेट पहाड़ी स्टोर कटघरिया के पास खुला है उसका स्थल निरीक्षण किया तत्पश्चात विकासखंड में समूह के कलस्टरकी महिलाओं के साथ एक बैठक की गई जिसमें आई एफएडी द्वारा वित्तीय समावेशन के विषय में टीम द्वारा बताया गया तथा महिलाओं के उत्पाद को ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर ले जाने हेतु प्रेरित किया तत्पश्चात महिलाओं के उद्योग को बेहतर बनाने के लिए उनसे सुझाव भी प्राप्त किया समापन के समय श्री अभिजीत कुमार द्वारा सभी का आभार धन्यवाद व्यक्त किया गया तथा नैनीताल जनपद में चल रही गतिविधियों के बारे में संतुष्टि जाहिर की आई एफ ए डी की टीम में विजय तुली अभिजीत कुमार संपत चित्ती आए थे एवं जनपद स्तर की टीम के सदस्य अविनाश कुमार एवं ब्लॉक की टीम के एनआरएलएम के बी एम एम जानकी दसीला तथा खंड विकास अधिकारी तनवीर असगर एवं विकासखंड के समस्त ग्राम विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

### लेक्स स्कूल के दीपक का गवरमेन्ट मेडिकल कॉलेज के लिए चयन



**भीमताल।** लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल के छात्र दीपक गोस्वामी का वीर चन्द्र सिंह गढ़वाली गवरमेन्ट मेडिकल कॉलेज, श्रीनगर (गढ़वाल) के लिए प्रथम काउन्सलिंग में ही चयन हुआ है। ज्ञातव्य हो कि दीपक गोस्वामी विद्यालय के मेधावी विद्यार्थी रहे हैं और उन्होने 12वीं की परीक्षा भी अच्छे अंकों के साथ पास की थी। इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य एस0एस0 नेगी ने हर्ष व्यक्त करते हुए दीपक, उनके अभिभावको एवं परिवारजनों को बधाई प्रेषित की और उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। नगी ने सनी विद्यार्थियों से दीपक से सीख लेते हुए इसी प्रकार के कार्य करने की अपना व्यक्त की। दीपक की इस उपलब्धि पर विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएँ दी।



# केएमवीएन कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तार से मंथन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कुमाऊं मंडल विकास निगम के कर्मचारियों की बैठक बुधवार को ओक पार्क स्थित निगम मुखयालय में हुई। बैठक में कुमाऊं मंडल विकास निगम कर्मचारी महासंघ की नई कार्यकारिणी के गठन को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।

बैठक में एक स्वर में सभी ने तय किया कि आगामी 6 सितंबर (शनिवार) को पर्यटक आवास गृह अल्मोड़ा में महासंघ की नयी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। बैठक में कई कर्मचारियों ने ऑनलाईन भी प्रतिभाग किया तथा सभी ने अपने -अपने सुझावों को प्राथमिकता से रखा। बैठक में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष मंजुल प्रकाश सनवाल, कार्यकारी महामंत्री तारा दत्त भट्ट समेत कंचन चंदोला, रवि साह, विक्रम साह, रमेश चंद्र पंत, संतोष पंत, संजय कुमार, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका, दीपक पांडे, माया पंत, रजनी बिष्ट, बीना कर्नाटक, तारा दत्त शर्मा,देवकी देवी, गंगोत्री बिष्ट, गीता राणा,भव्य साह समेत अन्य कर्मियों ने विचार रखे। अंत में महासंघ के कार्यकारी अध्यक्ष मंजुल सनवाल व महामंत्री तारा दत्त भट्ट ने सभी कर्मियों का आभार जताया तथा संगठन की मजबूती के लिए एकजुट होने का आह्वान किया।

# हर्षोल्लास से मनाया गया राष्ट्रीय समाज कार्य सप्ताह

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

सामाज कार्य विभाग, उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, हल्द्वानी द्वारा 6वाँ राष्ट्रीय सामाजिक कार्य सप्ताह के उपलक्ष्य में एक क्षेत्र भ्रमण का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विभाग के छात्र-छात्राओं ने हल्द्वानी स्थित श्री आनंद वृद्धाश्रम, रामपुर रोड का भ्रमण किया। राज्य समन्वयक , NAPSWI डॉ. नीरजा सिंह द्वारा राज्य भर में इस तरह के आयोजित किये जा रहे है। कार्यक्रम का संचालन विभाग की निदेशक प्रो. रेनू प्रकाश के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस भावनात्मक अवसर पर छात्रों ने वृद्धजनों के लिए संगीतमय सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, जिसे देखकर आश्रम का वातावरण आनंद और भावुकता से भर गया। साथ ही संकाय सदस्यों ने बुजुर्गावस्था में स्वास्थ्य संरक्षण और निवारक उपायों पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। उक्त कार्यक्रमों की श्रंखला में आज उत्तराखंड मुक्त वि. वि. देहरादून में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें आयोजक मंडल में डॉ0 भावना डोभाल , डॉ. सुभाष रमोला , डॉ. नरेन्द्र जगूड़ी एवं डॉ. गोविन्द सिंह रावत इत्यादि के साथ वि. वि. के छात्र एवं छात्राओं एवं सभी कार्मिक ने सहभागिता की। एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय, मानव स्वास्थ्य में सामाजिक सेतुओं का महत्व है। इस आयोजन में विभाग की कार्यक्रम समन्वयक डॉ. नीरजा सिंह के साथ-साथ सहायक प्राध्यापक कुशा सिंह और डॉ. पूजा हैड़िया भी उपस्थित रहीं।



नोट
समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# छात्र उद्धव का नीट क्वालीफाई के बाद लखनऊ मेडिकल कॉलेज में चयन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के छात्र उद्धव का नीट क्वालीफाई करने के पश्चात किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज लखनऊ में चयन हुआ है।



छात्र उद्धव ने अपनी सफ लता पर कहा कि मेरे माता पिता का आशीर्वाद, विद्यालय का अनुशासित वातावरण और शिक्षकों का सतत मार्गदर्शन ही मेरी इस कामयाबी की असली ताकत है। कड़ी मेहनत और धैर्य के बिना सफलता संभव नहीं थी। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने कहा कि उद्धव का चयन हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है।

उनकी लगन और परिश्रम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में एक कुशल चिकित्सक बनकर समाज की सेवा करेंगे।

विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष विपिन अग्रवाल ने छात्र की इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की। छात्र उद्धव के पिता दिलीप कुमार ने भी विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया है।

# भाजपा का कांग्रेस पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन

नैनीताल
हमारे संवाददाता

भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को नैनीताल में कांग्रेस पार्टी के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया और पुतला दहन किया। यह विरोध कार्यक्रम कांग्रेस के विधायकों के विधानसभा में किए गए अमर्यादित आचरण के विरोध में आयोजित किया गया। भाजपा नेताओं का कहना था कि कांग्रेस मुद्दों से भटक चुकी है और केवल झूठ की राजनीति कर रही है।

इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष नितिन कार्की ने कहा कि कांग्रेस द्वारा फैलाए जा रहे षड्यंत्र और अराजकता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने साफ कहा कि जल्द ही इसका पर्दाफाश कर जनता के सामने सच्चाई रखी जाएगी।

इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस के खिलाफ नारेबाजी भी की और आरोप लगाया कि विपक्ष जनता को गुमराह करने के काम कर रहा है। पुतला दहन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और स्थानीय नेता मौजूद रहे।



इस दौरान मोहित लाल साह, निखिल बिष्ट, विक्रम राठौर, हरीश सिंह राणा, आशीष बजाज, विकास जोशी, प्रदीप कुमार आर्य, भारत सिंह मेहरा, अरविन्द सिंह पडियार,भगवत सिंह रावत,विकास जोशी, आयुष भंडारी, दया किशन पोखरिया, बिमला अधिकारी, कविता गंगोला, कलावती असवाल, मीरा बिष्ट, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, नीतू जोशी, भावना मेहरा, भोला दत्त तिवारी, आनंद बिष्ट, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, संतोष साह, कृष्ण कुमार शर्मा, शिवांशु जोशी, राहुल नेगी, युवराज करायतए प्रियांश आर्या और पार्थ साह समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।

# अभिमत



## विविधता और धर्म

*राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) राष्ट्रवादी संगठन होने के साथ मानवीय मूल्यों का पालन करके सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हिन्दू धर्म सिखाता है कि सभी आस्थाओं के मार्ग एक ही मंजिल तक पहुंचते हैं, इसलिए किसी का 'रास्ता' जबरन बदलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। दुनियाभर के सभी धर्मों के अनुयायियों में संघर्ष हो रहा है। विविधताओं के साथ कैसे जीना है, यह हिन्दू धर्म सिखाता है और इसी की जरूरत है।*

विश्व के अनेक देश आतंकवाद और धार्मिक कट्टरता का सामना कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) राष्ट्रवादी संगठन होने के साथ मानवीय मूल्यों का पालन करके सम्पूर्ण मानवता के कल्याण के मार्ग पर अग्रसर है। आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने कहा कि हिन्दू धर्म सिखाता है कि सभी आस्थाओं के मार्ग एक ही मंजिल तक पहुंचते हैं, इसलिए किसी का 'रास्ता' जबरन बदलने की कोशिश नहीं की जानी चाहिए। दुनियाभर के सभी धर्मों के अनुयायियों में संघर्ष हो रहा है। विविधताओं के साथ कैसे जीना है, यह हिन्दू धर्म सिखाता है और इसी की जरूरत है। यह धर्म हमें एकता और सभी विविधताओं को अपनाने की शिक्षा देता है। धर्म का दायित्व केवल भगवान के प्रति नहीं, बल्कि समाज के प्रति भी होता है। दरअसल 'रास्ता' बदलने की बात आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने धर्म परिवर्तन के संदर्भ में कही है। सनातन हिन्दू धर्म के ग्रंथों में धर्म परिवर्तन का उल्लेख नहीं है। युग परिवर्तन के साथ ईश्वर के अवतार प्रकट होते रहे हैं। अन्य धर्मों की शुरुआत इसी युग में हुई है। एक-दूसरे से श्रेष्ठ साबित करने के लिए संघर्ष और धर्म परिवर्तन का घृणित कार्य किया जाता रहा है। भारत ने किसी पर आक्रमण नहीं किया। किसी देश को गुलाम नहीं बनाया। इस्लाम धर्म के अनुयायी भारत आये। मुगल शासकों ने मंदिरों को ध्वस्त करके मस्जिदें बनाई। हिन्दू धर्म के अनुयायियों पर जुल्म ढाये और जबरन धर्म परिवर्तन कराया। बाबर, औरंगजेब के जुल्मों का विस्तृत इतिहास है। अंग्रेज व्यापार करने भारत आये और उसी की आड़ में भारत को ब्रिटेन के शासकों ने गुलाम बना लिया। दो शताब्दी से अधिक समय में क्रिश्चियन मिशनरी ने धर्म परिवर्तन से हिन्दू धर्म को खत्म करने का प्रयास किया। स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान से भारत स्वतंत्र जरूर हो गया, लेकिन इस्लामी कट्टरपंथी और क्रिश्चियन धर्म परिवर्तन से बाज नहीं आ रहे हैं। भारत के हिन्दू विविधताओं के बावजूद मुस्लिमों और ईसाइयों के साथ सौहार्द्र से रह रहे हैं। हिन्दुओं ने किसी का धर्म परिवर्तन नहीं कराया है। भारत को धार्मिक युद्ध का सामना नहीं करना पड़ रहा है, जबकि विश्व के कई देशों में मुस्लिम और क्रिश्चियन के बीच खूनखराबा हो रहा है। विश्व में शांति सिर्फ और सिर्फ हिन्दू धर्म की सीख से ही स्थापित होगी। आरएसएस इसी भावना का प्रसार कर रहा है।

# कांग्रेस कमेटी का धामी सरकार के खिलाफ प्रदर्शन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

देवभूमि उत्तराखंड की बिगड़ती कानून व्यवस्था, गुंडागर्दी, प्रशासन की नाकामी आदि को लेकर प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल द्वारा नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल के नेतृत्व में तल्लीताल गांधी की मूर्ति के समीप धामी सरकार का पुतला फूंककर प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने कहा कि धामी सरकार ने प्रदेश में अराजकता का माहौल स्थापित कर लोकतंत्र व पंचायती राज व्यवस्था की हत्या करने का कार्य किया है,साथ ही प्रशासन द्वारा अपने संविधानिक दायित्वों का निर्वहन नहीं करने पर नगर कांग्रेस कमेटी नैनीताल मांग करती है कि जिलाधिकारी व एसएसपी का तुरंत निलंबन कर जिले से इन्हें हटाया जाए। इस अवसर पर नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष डा. भावना भट्ट, जिलाध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ कमलेश तिवारी,अधिवक्ता हरीश भट्ट, दीपक रूबाली, शहनवाज सिद्दिकी, पूर्व पालिकाध्यक्ष सचिन नेगी, पूर्व ज्येष्ठ उप प्रमुख हिमांशु पांडेय, पूर्व नगर अध्यक्ष जे.के.शर्मा, पूर्व दायित्वधारी रईस भाई,सभासद अंकित चंद्रा,कुन्दन सिंह बिष्ट, महिला कांग्रेस से सुनीता आर्या,आशा भट्ट,गीता मंडल, राधा ततराडी,चंपा सनवाल, रईसा चिश्ती, लता तरुण,पूर्व सभासद सुभाष कुमार, राजेंद्र व्यास,मनोज भट्ट, धीरज बिष्ट,कनक साह, नगर उपाध्यक्ष प्रेम शर्मा, नगर महामंत्री कैलाश अधिकारी, नगर विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष प्रमोद कुमार,पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष शुभम बिष्ट, जिला उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस ललित सिंह बोरा,नगर प्रकोष्ठ अध्यक्ष सचिन कुमार, नगर सचिव बंटू आर्य, प्रदेश महासचिव यूथ कांग्रेस संजय कुमार,व्यापार मंडल उपाध्यक्ष नासिर खाँ, उपसचिव जयंत उप्रेती, मोहन कांडपाल, विनोद परिहार, योगेश साह,अमन तिवारी,जिलाध्यक्ष सोशियल मिडिया दीपक महरा, जिलाध्यक्ष एनएसयूआई शार्दुल नेगी, अमन महिन्द्रा, आयुष कुमार, गौरव चौहान, सुमित रावत, नितिन जाटव, नीरज गैलाकोटी, ललित चनियाल, सुरेश चंद्रा, राजेंद्र सिंह कोटलिया, मनोज चनियाल,सोनू कुमार, नफीस अहमद,दिनेश कर्नाटक, अनमोल थापा,विक्की राज, संदीप सिंह जलाल व प्रियांशु बिष्ट आदि शामिल रहे।



### भवाली में कांग्रेसियों ने पुतला दहन किया

**भवाली।** नगर कांग्रेस कमेटी भवाली द्वारा बुधवार को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला दहन किया गया । कार्यकर्ताओं ने भवाली चौराहे पर एकत्रित होकर धामी सरकार होश में आओ और भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाकर पुतला दहन के माध्यम से अपना विरोध दर्ज किया।नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल ने कहा के जिला पंचायत में हुए सदस्यों के अपहरण घटना क्रम में पुलिस की संलिप्तता और निर्वाचन में हुए पक्षपात के बारे में जनता सब सच जानती है ।सरकार जनता की भावनाओं को आहत कर रही है । महिला जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट व वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजीव भगत ने कहा के प्रशासन की मिलीभगत से ही यह सब कुछ हुआ है । कार्यक्रम में नगर अध्यक्ष कंचन सुयाल समेत महिला जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, नगरपालिका अध्यक्ष पंकज आर्या,सुजान सिंह रजवार, लोकेश जोशी, मानवेंद्र साह, संजीव भगत, योगेश कुमार,ममता पांडेय,जानकी आर्य, इदरीस खान,सदामियां, शांति तिवारी तथा जया कपिल आदि लोग मौजूद थी।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै0 सुखमनी स्टोर क्रेशर पता- मुकुल विहार, तल्ली बमोरी, हल्द्वानी, जिला-नैनीताल में श्री गजेन्द्र सिंह गौनिया साझेदार हैं। जो उपरोक्त फर्म से अलग हो रहे हैं, यदि किसी भी व्यक्ति को उनके फर्म से अलग होने में कोई आपत्ति है तो वह 7 दिन के अन्दर श्रीमान उप निबंधक फर्मस सोसायटीज एवं चिट्स हल्द्वानी, जिला नैनीताल के पास अपनी आपत्ति दर्ज करायें।

### 59 वाहनों के चालान और पांच वाहन सीज

**हल्द्वानी।** परिवहन विभाग ने चेकिंग अभियान चलते हुए 159 वाहनों के चालान किये और ऑटो, बस, पिकअप सहित पांच वाहनों को सीज किया । प्रवर्तन कार्रवाई में बस, ट्रक, टैक्सी, मैक्सी, ई रिक्शा, ऑटो,कार, मोटरसाइकिल आदि वाहनों को चेक किया।

# एक दिवसीय अरोमा कैंडल मेकिंग विषय पर कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता


कुमाऊँ विश्वविद्यालय नवोन्मेष एवं इनयूबेशन सेंटर के तत्वावधान में आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं रसायन विज्ञान विभाग डीएसबी परिसर के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को एक दिवसीय अरोमा कैंडल मेकिंग विषय पर कार्यशाला एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की विशेषज्ञ श्रीमती बसंती चेष्टा समूह हल्द्वानी रहीं जिन्होंने विद्यार्थियों को रंगीनी एवं सुगंधित मोमबत्तियां बनाने की विधि तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस कार्यशाला में बीएससी, एमएससी रसायन विज्ञान, रसायन विज्ञान शोधार्थी, फ रेंसिक साइंस तथा फ रैस्ट्री तथा बीण्कॉम के विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।इस अवसर पर विज्ञान संकाय की अधिष्ठाता एवं रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर चित्रा पांडेय तथा केयूआईआईसी के निदेशक प्रोफेसर आशीष तिवारी, प्रोफेसर ललित तिवारी, डॉ. गीता तिवारी, डॉ. लज्जा भट्ट, डॉ. पेनी जोशी, डॉ. गिरीश खडक्वाल, डॉ. दीशिखा जोशी, डॉ. नवीन पांडेय, डॉ. हिर्देश शर्मा, डॉ. नंदन सिंह मेहरा, उमेश जोशी, मोहन बिष्ट एवं पुष्कर जोशी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन डॉ. ललित तिवारी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ पेनी जोशी द्वारा प्रस्तुत किया गया।




## फिल्मी दुनिया

# बेटे आर्यन की सीरीज लॉन्च इवेंट पर शाहरुख का दिखा फनी अंदाज



*बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान ने हाल ही में बेटे आर्यन की डेब्यू सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के लॉन्च इवेंट पर अपने चिर-परिचित मजाकिया अंदाज से सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान अक्सर अपने मजाकिया अंदाज और हाजिरजवाबी के लिए जाने जाते हैं। बुधवार को बेटे आर्यन की डेब्यू सीरीज द बैड्स ऑफ बॉलीवुड के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला। एक तरफ जहां बेटे आर्यन के इस प्रोजेक्ट को शाहरुख सपोर्ट करते नजर आए तो वहीं उन्होंने एक सवाल के जवाब में अपनी ही फिल्म का मजाक भी उड़ा दिया। क्या है पूरा मामला और आखिर किस फिल्म की बात हो रही है, चलिए आपको बताते हैं। बुधवार को आयोजित ट्रेलर लॉन्च के दौरान शाहरुख खान मंच पर अभिनेता मनीष चौधरी संग बातचीत कर रहे थे। जब मनीष ने फिल्म 'जीरो' का जिक्र किया, तो शाहरुख ने तुरंत हंसी-मजाक में कहा, प्रोड्यूसर से प्रोड्यूसर की बात करूं... जो चाहो बनाओ, उल्लू बनाओ, गधा बनाओ, मामा बनाओ, लेकिन जीरो मत बनाना। किंग खान की इस बात को सुनकर दर्शक भी हंसी से लोटपोट हो गए। आर्यन खान इस वेब सीरीज से निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। शो का प्रीव्यू 20 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया। इस मौके पर शाहरुख ने कहा कि वो चाहते हैं दर्शक आर्यन को भी उसी तरह प्यार और दुलार दें जैसे उन्होंने वर्षों से उन्हें दिया है। इस सीरीज का निर्माण शाहरुख की कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट कर रही है।*

### शाहरुख खान की जीरो रही थी असफल

*साल 2018 में रिलीज हुई जीरो शाहरुख खान की महत्वाकांक्षी फिल्म थी, जिसमें उन्होंने मेरठ के एक बौने युवक बउआ सिंह का किरदार निभाया था। फिल्म में उनके साथ अनुष्का शर्मा और कैटरीना कैफ भी थीं। अनुष्का ने एक वैज्ञानिक का रोल किया था जो सेरेब्रल पाल्सी से जूझ रही होती है, जबकि कैटरीना ने एक परेशान फिल्म स्टार का किरदार निभाया। करीब 200 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म से बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन ये दर्शकों को प्रभावित करने में नाकाम रही।*

# लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल में कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला हुई आयोजित

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल में आज केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के तत्वावधान में इन्वायरमेंटल एजुकेशन एन्ड कन्जर्वेशन ऑफ नेचुरल रिसोर्सेस विषय पर कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य / निदेशक श्री एस0एस0नेगी, रिसोर्स पर्सन अभिषेक मित्तल व मनमोहन जोशी द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला में लॉग व्यू पब्लिक स्कूल नैनीताल, नेन्सी कॉनवेंट ज्योलिकोट, ग्रीन माउन्ट ग्लोबल स्कूल भीमताल, डीविटो स्कूल भवाली, वुडब्रिज स्कूल भीमताल, हीरा कुंवर पब्लिक स्कूल हल्द्वानी, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल, मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल, सरस्वती एकेडमी हल्द्वानी, सेन्ट लॉरेन्स स्कूल हल्द्वानी, जी0डी0 गोइन्का नौकुचियाताल, हरमन माईनर स्कूल भीमताल, इन्सपायरेशन स्कूल हल्द्वानी, सेन्ट जेवियर स्कूल नैनीताल, पार्वती प्रेमा जनाति सरस्वती विहार नैनीताल, प्रसिसटेन्ट स्टुडेन्ट्स हायर सेकेंडरी स्कूल नैनीताल, बिड़ला विद्या मन्दिर नैनीताल एवं लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल भीमताल के कुल 40 से अधिक शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।



## News कॉर्नर

### मरम्मत कार्य के चलते दो दिन रोपवे का संचालन बंद

**नैनीताल ।** नैनीताल में कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से संचालित रोप वे (केबिल कार) में दो दिन मररमत कार्य किया जाएगा। जिसके चलते दो दिन (वीरवार और शुक्रवार) रोपवे का संचालन बंद रहेगा। बता दें कि कुमाऊं मंडल विकास निगम की ओर से नैनीताल में रोपवे का संचालन किया जाता है। पर्यटकों की सुरक्षा के लिए समय - समय पर रोपवे की मरम्मत व रोप बदलने का कार्य किया जाता है। इधर वीरवार व शुक्रवार को भी रोपवे में मरम्मत का कार्य शुरू किया जाना प्रस्तावित है। जिसके चलते दो दिन रोपवे का संचालन बंद रहेगा। इस दौरान पर्यटक रोप की सैर नहीं कर पाएंगे। रोपवे प्रबंधक शिवम शर्मा ने बताया कि दो दिन मरम्मत के बाद शनिवार को रोपवे पर्यटकों के लिए संचालित कर दिया जाएगा।

### ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एएसआई पर गिरी गाज

**नैनीताल ।** शहर में जिला पंचायत चुनाव के दिन पांच सदस्यों के अपहरण के पूर्व दिवस पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक एएसआई पर गाज गिरी है। विभाग ने एएसआई को निलंबित कर दिया है जो चुनाव की पहली रात रात्रि अधिकारी के रुप में तल्लीताल में ड्यूटी पर तैनात थे। चुनाव की पहली रात्रि में धारा 163 लागू होने के बावजूद मालरोड से बैरिकेडिंग पार कर अपहरण को अंजाम देने वाले लोगों के जिला पंचायत कार्यालय के समीप स्थित होटल तक हथियारों के साथ पहुंचने पर कार्रवाई की गई है। बता दें कि बीते 14 अगस्त को जिला पंचायत अध्यक्ष तथा उपाध्यक्ष चुनाव के दिन पांच सदस्यों के अपहरण के बाद हंगामा हो गया था। मामले में कोर्ट ने सखत रुख अपनाया तो अपहरण के दौरान मूकदर्शक व लापरवाही बरतने वाले कर्मियों पर कार्रवाई शुरू हो गई है। एसपी जगदीश चंद्रा ने बताया कि ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर रात्रि अधिकारी एएसआई उदय सिंह राणा को निलंबित कर दिया गया है।

# अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम के लिए सेमिनार का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल द्वारा अधिवक्ताओं के हितों की सुरक्षा हेतु बुधवार को अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम के लिए सेमिनार का आयोजन हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के सभागार में किया गया। इससे पूर्व सर्वप्रथम सभागार में उपस्थित अधिवक्ताओं के मध्य हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट बार के अध्यक्ष डी0एस0 मेहता द्वारा अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की प्रस्तावित प्रति अधिवक्ताओं के बीच में वितरित की व अधिवक्ताओं के व्हाट्सप ग्रुप में भी प्रेषित की कि हम इस तरह का अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम चाहते है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन ने अधिवक्ताओं से आवाहन किया कि इस प्रस्तावित अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम में आप कौन से सुझाव और देना चाहते हैं और इस प्रस्तावित अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम को और बेहतर बना सकते हैं जिससे हमारी राज्य सरकार अधिवक्ताओं के हित में एक बेहतर अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम ला सके। हम अधिवक्ताओं को अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम सरकार से बनवाने के लिए संघर्ष भी करना होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ0. महेन्द्र सिंह पाल (वरिष्ठ अधिवक्ता व पूर्व सांसद) द्वारा की गयी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेमिनार के मुखय वक्ता ऑल इण्डिया लार्यस एसोसिएशन फ ॉर जस्टिस के राष्ट्रीय महासचिव एडवोकेट कलिफिटन डी0 राजौरिया ने अपने संबोधन में बताया कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा केवल उनके ऊपर हो रहे हमलों से ही नही बल्कि उनके ऊपर होने वाली आर्थिक दिक्कतों के लिए भी आवश्यकीय है। उन्होंने बताया कि इस देश में दो राज्यों राजस्थान व कर्नाटक में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम राज्य सरकारों ने पारित किया है। आईलाज पूरे देश में अधिवक्ताओं के संरक्षण के लिए हर राज्य में अधिवक्ता संरक्षण अधिनियम की वकालत करता है। कार्यक्रम में मुखय अतिथि सह अध्यक्ष बार कौसिंल ऑफ इण्डिया डी0 के0 शर्मा, कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि उत्तराखण्ड बार कौंसिल के सचिव/ सदस्य मेहरबान सिंह कोरंगा थे। कार्यकम को वरिष्ठ अधिवक्ता पुष्पा जोशी, बी0 पी0 नौटियाल, एम0 सी0 पंत, सैय्यद नदीम मून, नवनीश नेगी, डी0 के0 जोशी, कैलाश जोशी, रजत मितल, त्रिभुवन सिंह फर्त्याल, ए0डी0 त्रिपाठी,कैलाश चन्द्र तिवारी, कैलाश जोशी, प्रियंका, दीपक कुमार जोशी,विनोद कुमार जैमिनी, बी0एस0 कोरंगा, सुखवानी सिंह, मीना बिष्ट,अक्षय लटवाल, पूरन सिंह रावत, भुवनेश जोशी, सौरव कुमार पाण्डे व निशांत इन्तजार आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत (महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन नैनीताल) द्वारा किया गया।

# खुलासा: भाईयों के बीच दरार आई तो योगा ट्रेनर को गला घोंटकर मारा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**



सनसनीखेज योगा ट्रेनर हत्याकांड के रहस्य से पुलिस ने पर्दा हटा दिया है। इस मामले में चौंकाने वाली वजह सामने आई है। इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। मामले का खुलास करते हुए एसएसपी प्रहलाद मीणा ने बताया कि 31 जुलाई को मुखानी क्षेत्र में योगा ट्रेनर ज्योति मेर अपने कमरे में मृत पाई गई थी। गले, हाथों और सिर पर चोट के निशान मिलने के कारण हत्या की आशंका जताई गई थी।

एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशन में गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की और नेपाल तक पीछा कर नगला तिराहे से उसे दबोच लिया। जांच में यह पता चला कि अभय और उसके भाई अजय द्वारा संचालित योगा सेंटर में ज्योति काहैम करती थी। सेंटर के प्रबंधन को लेकर विवाद और अजय के साथ ज्योति के अवैध संबंधों को लेकर अभय ने गुस्से में आकर ज्योति को उसके ही दुपट्टे से गला दबाकर हत्या कर दी।पुलिस ने आरोपी से हत्या में प्रयुक्त दुपट्टा भी बरामद किया है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के लिए टीम के सदस्यों को ढाई हजार रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया है। मामले की आगे की जांच जारी है। खुलासे में एस पी सिटी प्रकाश चंद्र सीओ नितिन लोहनी सफलता पाने वाली टीम में थाना प्रभारी दिनेश जोशी, एस आई वीरेन्द्र चंद्र, हरजीत सिंह, वीरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

# भारतीय राष्ट्रीय ध्वज हेतु विनिर्देश प्रश्नोतरी प्रतियोगिता

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल में भारतीय मानक बयूरों द्वारा बीआईएस स्टैण्र्डड कलब के छात्र-छात्राओं के लिए भारतीय राष्ट्रीय ध्वज (ऊन खादी) हेतु विनिर्देश प्रश्नोतरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता में पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय भीमताल के मेंटर श्रीमती कविता रानी एवं श्रीमती भावना ढौंडियाल द्वारा भारतीय मानक बयूरो की कार्य प्रणाली के विषय में विस्तार से बताया गया।भारतीय राष्ट्रीय ध्वज (ऊन खादी) हेतु विनिर्देश एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता द्वारा मानकों के बारे में जागरूकता व समझ को बढ़ावा देने, गुणवत्ता चेतना और उत्कृष्टता की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए स्टैण्डर्ड कलब की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। यह प्रतियोगिता बहुत ही ज्ञानवर्धक रही। मानक लेखन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार अर्श ने एक हजार रुपएं, द्वितीय पुरस्कार सानिया आर्य ने 750 रूपये,तृतीय पुरस्कार हिमांशु कु मार ने 500 रुपएं तथा चतुर्थ पुरस्कार नमन बिष्ट ने 250 रूपये हासिल किए। प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती कविता रानी ने किया। इस दौरान संस्था के समस्त कार्मिक भी उपस्थित रहे।




# छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ का आयोजन

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में शैक्षिक सत्र की शुरुआत के अवसर पर नवप्रविष्ट छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षारंभ (छात्र प्रेरणा कार्यक्रम) का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती के समुख दीप प्रज्वलन से हुआ, दीक्षारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.डा. विनय कुमार विद्यालंकार ने कहा कि शिक्षा द्वारा ही मनुष्य सच्चे अर्थों में मनुष्य (इन्सान) बनता है, शिक्षा मनुष्य को देवता जैसी उच्च पदवी तक पहुँचा देती है, शिक्षा को आचरण में लाना ही दीक्षा कहलाता है। शिक्षा की आवश्यकता व महत्ता पर प्रकाश डालते हुए छात्रछात्राओं को प्रारंभिक से लेकर उच्च शिक्षा तक की सीढ़ी से अवगत कराया। उन्होंने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय में नियमित उपस्थित रहने एवं समय-समय पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। प्रवेश समिति की संयोजक डॉ0 ईप्सिता सिंह ने नव प्रविष्ट छात्र छात्राओं को एनईपी की पाठ्यक्रम संरचना एवं परीक्षा प्रणाली से अवगत कराया साथ ही समाजशास्त्र विषय के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। अंग्रेजी विभाग प्रभारी डॉ0 जयति दीक्षित, हिंदी विभाग प्रभारी एवं एन0एस0एस0 प्रभारी श्रीमती ममता पाण्डे,डॉ0 निर्मला,डॉ0 फ रजाना ने अपने-अपने विषयों की विस्तार से जानकारी दी जबकि अजीम ने पुस्तकालय की कार्यप्रणाली तथा ई ग्रंथालय के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम का सफल संचालन राजनीति विज्ञान के विभाग प्रभारी डॉ तरुण कुमार आर्य ने किया साथ ही उन्होंने अपने विषय एवं छात्रवृत्ति से संबंधित केंद्र सरकार तथा राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में बताया । कार्यक्रम के अंत में निबंध एवं राखी प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों एवं यूथ रेड क्रास (आर सी वन )के प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।कार्यक्रम में भास्करानंद पंत, श्रीमती सपना आर्या, अनिल, मुकेश, प्रेमा एवं बीए प्रथम सेमेस्टर के नवप्रविष्ट छात्र छात्राएं के साथ तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के छात्र.छात्राएं भी उपस्थित रहे।




### डिग्री कालेजों में छात्र संघ चुनाव 27 सितंबर को

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के कुल सचिव डा.मंगल सिंह मंद्रवाल ने बताया कि कुविवि नैनीताल के परिसर तथा विवि से जुड़े हुए सभी डिग्री कालेजों में छात्र संघ चुनाव 27 सितंबर (शनिवार) को होंगे।

उन्होंने बताया कि कुमाऊं विवि की ओर से जारी एकेडमिक कलैंडर में भी छात्र संघ चुनाव को सिंतबर में ही किए जाने का प्रावधान है।

# सीएम रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय: विधायक

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

विधायक सुमित हृदेश ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हुआ हमला बेहद निंदनीय है। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विचारों का मतभेद और विरोध स्वीकार्य है, लेकिन हिंसा के लिए कोई स्थान नहीं हो सकता।

सुमित हृदेश का कहना है कि लोकतंत्र में असहमति और वैचारिक मतभेद होना स्वाभाविक है, हमारे राजनीतिक दलों के बीच भी आपसी मतभेद हो सकते हैं, लेकिन विचारों की लड़ाई कभी भी हिंसा के रास्ते से नहीं लड़ी जानी चाहिए।



राजनीति में शालीनता और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करना हम सभी की ज़िम्मेदारी है। सत्ता और विपक्ष का स्वस्थ संवाद ही लोकतंत्र की असली ताक़त है। किसी भी जनप्रतिनिधि पर हमला केवल एक व्यक्ति पर नहीं बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर आघात है, जिसकी जितनी निंदा की जाए उतनी कम है।

मुझे विश्वास है कि दिल्ली पुलिस दोषियों पर उचित और सख़्त कार्रवाई करेगी। साथ ही आशा है कि मुख्यमंत्री पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ होंगी।

# बेतालघाट गोलीकांड का मुख्य आरोपी साथियों संग दबोचा

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के बेतालघाट में 14 जुलाई को पंचायत चुनाव के दौरान हुई फायरिंग मामले में पुलिस ने फिर बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में फरार चल रहे तीन और आरोपियों को पुलिस ने उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी से गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई नैनीताल पुलिस और एसटीएफ की संयुक्त टीम ने लखीमपुर की भीरा कस्बे में की, जहां आरोपियों को गन प्वाइंट पर पकड़ने की कार्रवाई से पूरे बाजार में अफरा-तफरी मच गई।



जानकारी के अनुसार, सोमवार सुबह करीब 11 बजे तीनों आरोपी एक थार गाड़ी से भीरा कस्बे के मुख्य बाजार पहुंचे थे। इनमें से एक आरोपी एक मेडिकल स्टोर से दवा खरीद रहा था, जबकि अन्य दो पास में खड़े थे। तभी सिविल ड्रेस में मौजूद उत्तराखंड पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर तीनों को गन प्वाइंट पर लेते हुए हिरासत में ले लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से स्थानीय बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। हालांकि जब लोगों को पता चला कि कार्रवाई उत्तराखंड पुलिस की थी, तो लोगों ने राहत की सांस ली। गिरफ्तारी के समय बेतालघाट थानाध्यक्ष अनीस अहमद व अन्य पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में थे, जबकि बाकी टीम वर्दी में वाहन में तैनात थी। बाद में तीनों आरोपियों को गाड़ी में बैठाकर उत्तराखंड लाया गया। भीरा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक गोपाल नारायण सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए तीनों युवक उत्तराखंड के नैनीताल जिले के निवासी हैं। उत्तराखंड पुलिस ने स्थानीय पुलिस की सहायता से तीनों को पकड़ा और अपने साथ ले गई। गौरतलब है कि 14 जुलाई को बेतालघाट में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए मतदान चल रहा था, तभी एक प्रत्याशी के समर्थकों ने प्रतिद्वंदी खेमे पर पिस्टल से कई राउंड फायरिंग कर दी थी। इस हमले में महेंद्र सिंह बिष्ट नामक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना से मतदान केंद्र में दहशत फैल गई और वोट डालने पहुंचे क्षेत्र पंचायत सदस्यों के बीच अफरा-तफरी मच गई।

इस गंभीर घटना के बाद उत्तराखंड की राजनीति में भी हलचल मच गई थी। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 16 जुलाई को छह नामजद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया था। उनके पास से दो वाहन भी बरामद किए गए थे। वहीं, अब लखीमपुर से गिरफ्तार तीन आरोपियों को मिलाकर कुल नौ गिरफ्तारियां हो चुकी हैं।